31.10.2024 2.10PM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री एकता दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एकता की भावना पर जोर दिया और देशवासियों को राष्ट्रीय एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने को कहा है। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से एक राष्ट्र की भावना को निरन्तर मज़बूत कर रही है।

दीपावली-राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि दीपावाली खुशी और उत्साह का त्योहार है। इस अवसर पर हमें अपने अंतःकरण को प्रकाशित करना चाहिए, प्रेम और करुणा के गुणों को अपनाना चाहिए तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार वंचितों और जरूरतमंदों की मदद करने और उनके साथ अपनी खुशियां साझा करने का भी अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाए देते हुए लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की है।

दीपावली-राज्यपाल-मुख्यमंत्री

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि दीपावली खुशियाँ बाँटने का पर्व है। वंचितों, जरूरतमंदो के जीवन में खुशियों की ज्योत जलाकर पर्व को मनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली की शुभकामनाए देते हुए कहा कि दीपों का यह उत्सव सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उजाले का संचार करे। यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होनें प्रदेशवासियो से आव्हान करते हुए कहा कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे से परिपूर्ण इस पर्व को मिल-जुलकर मनाएं और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें।

गृहमंत्री पुरस्कार

केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक वर्ष 2024 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के 463 कार्मिकों को प्रदान किया गया है। यह पदक विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान, जांच, खुफिया और फोरेंसिक अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जा रहा है। गौरतलब है कि इस पदक की शुरुआत इस वर्ष 1 फरवरी को गृह मंत्रालय ने की थी। मंत्रालय ने कहा कि पदक की घोषणा हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर की जाएगी।

रेलवे विशेष इंतजाम

प्रदेश में दीवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी खुद इन इंतजामों का निरीक्षण कर रहे हैं। भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और टिकट बुकिंग काउंटरों पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा यात्रियों की सहायता के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को अपने कोच का पता लगाने में आसानी हो। 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' डेस्क भी स्थापित की गई है। पश्चिम मध्य रेलवे जोन के जनसंपर्क अधिकारी बीएन गुप्ता ने आकाशवाणी को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन के दोनों तरफ जीआरपी और आरपीएफ की तैनाती की जा रही है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 नवंबर को आगरमालवा जिले के भ्रमण पर आएंगे। अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश-राजस्थान बॉर्डर पर आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया स्थित विश्व के पहले गौ-अभ्यारण जाएंगे।